**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**23.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के क्षेत्र में तेज़ी से अपनी मज़बूत पहचान बना रहा भारत।
- लोक निर्माण मंत्री के अनुसार– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में चम्बा ज़िले में सड़क निर्माण को दी जाएगी प्राथमिकता।
- देशभर के करीब 10 करोड़ किसानों को कल जारी होगी पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त।
- न्यू पैंशन कर्मचारी संगठन ने शिमला में बैठक कर कई मुद्दों पर की चर्चा– यू.पी.एस. स्कीम का किया विरोध।

**समाचार विस्तार से...........**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के क्षेत्र में भारत तेज़ी से अपनी मज़बूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से भी पीछे नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता....

*प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ने पर संतोष जताया। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि अंतरिक्ष क्षेत्र युवाओं को भी काफी प्रिय है। उन्होंने उत्तराखण्ड में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय खेलों की भी चर्चा की जिसमें 11 हज़ार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने देवभूमि का एक नया स्वरूप प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे काफी खिलाड़ी खेलो इंडिया अभियान की देन हैं। प्रधानमंत्री ने आगामी बोर्ड की परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अब संस्थागत रूप लेता जा रहा है। 8 मार्च को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस दिन वे एक ऐसी पहल करेंगे जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि वे अपने एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे जिन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं। 8 मार्च को वे अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। प्रधानमंत्री ने वन्य जीवन के संरक्षण से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए देश के जनजातीय लोगों के प्रति आभार भी जताया।*

**जयराम ठाकुर**

इस बीच, विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों में एक प्रेरणा का संचार करता है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस बार के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं को संदेश दिया है कि भारत को हर क्षेत्र में लीडर बनने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की पहल के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया और कहा कि ये पहल युवाओं को परीक्षा के तनाव से मुक्ति दिलाने में बेहद कारगर साबित हुई है।

**फास्टैग सुविधा**

राज्य सरकार प्रदेश के सभी 55 टोल बैरियरों पर फास्टैग आधारित प्रवेश कर संग्रह सुविधा शुरू करने जा रही है। पहले चरण में 6 एंट्री टैक्स बैरियर्स पर ये सुविधा शुरू की जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इनमें बिलासपुर के गरमौरा, सोलन ज़िला के परवाणू, बद्दी बैरियर, टिपरा बाईपास, सिरमौर ज़िले के गोविन्द घाट, कांगड़ा ज़िले के कंडवाल और ऊना ज़िले के मैहतपुर बैरियर शामिल हैं। इस सुविधा से राज्य में प्रवेश के समय वाहनों के प्रतीक्षा समय में बचत होगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में चम्बा ज़िले की अधिकतर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। चम्बा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने

कहा कि ज़िले में अभी भी एक सौ 60 गांव ऐसे हैं जो सड़क सुविधा से नहीं जुड़े हैं। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रदेश में आबादी देह गांवों को सड़कों से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चम्बा में कूड़ा निष्पादन के लिए जल्द ही कूड़ा संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस बीच उन्होंने आज चम्बा में 10 करोड़ रूपए से अधिक की लागत की 6 सड़कों के लोकार्पण व शिलान्यास किए। उन्होंने बताया कि चम्बा विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 7 करोड़ रूपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं।

**हंसराज**

दूसरी ओर, भाजपा नेता व विधायक हंसराज ने कहा है कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने चम्बा दौरे के दौरान केवल जनता को भटकाने और गुमराह करने का प्रयास किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार जब से सत्ता में आई है, तभी से सभी विकास कार्यों पर रोक लग गई है। उन्होंने विक्रमादित्य सिंह को जनता के समक्ष कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए सकारात्मक कार्यों के बारे में बताने की सलाह दी है।

**किसान सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के लगभग 10 करोड़ किसानों को कल 19वीं किस्त जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे जाएंगे। प्रदेश के करीब नौ लाख 90 हजार किसानों को ये किस्त जारी की जाएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री कई योजनाओं की शुरुआत भी करेंगे।

**विधानसभा समिति**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निधि लेखा समिति इन दिनों 7 राज्यों के दौरे पर है। समिति के सदस्यों में कुलदीप सिंह राठौर, प्रकाश राणा, विवेक शर्मा, लोकेन्द्र कुमार और सुदर्शन सिंह शामिल हैं। इन सदस्यों ने पिछले कल बिहार विधानसभा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिहार विधानसभा की कार्यप्रणाली, कार्य संचालन और एक कैलेंडर वर्ष में आयोजित होने वाले विधानसभा सत्रों की जानकारी हासिल की। समिति ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष को हिमाचल विधानसभा की कार्य प्रणाली, प्रदेश ई–विधान प्रणाली से राष्ट्रीय ई–विधान प्रणाली की ओर अग्रसर होने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

**भारद्वाज**

भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज ने केन्द्रीय बजट को युवा, महिला, किसान व गरीब हितैषी करार दिया है। चम्बा में आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि ये बजट वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में नींव का काम करेगा। भारद्वाज ने कहा कि देश का किसान आत्मनिर्भर हो और आपदा के समय उन्हें पूरी मदद मिले इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के क्षेत्र में तेज़ी से अपनी मज़बूत पहचान बना रहा भारत।
- लोक निर्माण मंत्री के अनुसार– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में चम्बा ज़िले में सड़क निर्माण को दी जाएगी प्राथमिकता।
- देशभर के करीब 10 करोड़ किसानों को कल जारी होगी पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त।
- न्यू पैंशन कर्मचारी संगठन ने शिमला में बैठक कर कई मुद्दों पर की चर्चा– यू.पी.एस. स्कीम का किया विरोध।